**DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY**
**LIBRARY**
**PRESS CLIPPING SERVICE**

NAME OF NEWSPAPERS---- नवभारत टाइम्स । नई दिल्ली । शुक्रवार, 24 अक्टूबर 2025

# DDA की हाउसिंग स्कीम को मिला अच्छा रिस्पॉन्स, बिके 272 फ्लैट्स

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

फेस्टिवल के मौके पर डीडीए की प्रीमियम हाउसिंग स्कीम-2025 को शानदार रिस्पॉन्स मिला है। ई-ऑक्शन में इस स्कीम के 327 में से 272 फ्लैट्स बिक गए। डीडीए के अनुसार कई फ्लैट्स को बेस प्राइज से काफी अधिक कीमतों में लोगों ने खरीदा है। अब सफल बोलीदाताओं को इन फ्लैट्स के डिमांड कम अलॉटमेंट लेटर जारी करने की प्रक्रिया कुछ ही दिनों में शुरू कर दी जाएगी।

**हाउसिंग स्कीम में हैं कुल 327 फ्लैट्स**

डीडीए के अनुसार इसकी पूरी जानकारी डीडीए के आवास पोर्टल eservices.dda.org.in पर मिलेगी। साथ ही सफल बोलीदाताओं को उनके रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर मेसेज और ई-मेल के जरिए भी यह जानकारी दी जाएगी। डीडीए के अनुसार डिमांड कम अलॉटमेंट लेटर डीडीए अगले 10 से 15 दिनों में देना शुरू कर देगा। अब डीडीए 31 अक्टूबर को कड़कड़डूमा डीडीए टावरिंग हाइट्स में फ्लैट्स की बुकिंग शुरू कर रहा है। इस स्कीम में 1026 फ्लैट्स होंगे। सभी फ्लैट्स 2 बीएचके है और इनका बेस प्राइज 1.78 करोड़ से शुरू हो रहा है। यह टीओडी के पहले प्रोजक्ट का हिस्सा है।

डीडीए की यह स्कीम रक्षाबंधन के बाद 26 अगस्त को लॉन्च हुई थी। इस स्कीम में विभिन्न जगहों पर एचआईजी, एमआईजी, एलआईजी के साथ ईएचएस (एक्सपेंडेबल हाउसिंग स्कीम) के भी प्लॉट उपलब्ध होंगे। साथ ही कार और स्कूटर पार्किंग भी लोग खरीद सकेंगे। इसमें कुल 327 फ्लैट्स शामिल है।

Ai Image



## क्यों बढ़ रहा है इन स्कीमों का रुझान?

NBT Lens
खबरों के अंदर की बात

डीडीए की दूसरी प्रीमियम स्कीम में भी करीब 83 प्रतिशत फ्लैट्स बिक गए। डीडीए ने अपनी प्रीमियम स्कीमो कई अहम बदलाव किए है। इसमे सबसे बड़ा बदलाव यह किया गया है कि लोग अब डीडीए के सैपल फ्लैट्स देख सकते है। इससे लोगों को साइट की मौजूदा स्थिति का अंदाजा लग जाता है। वह जाकर फ्लैट्स के निर्माण और सुविधाओ आदि के बारे में पूरी जानकारी ले सकते है और फ्लैट्स के लिए गभीर लोग ही रजिस्टर्ड करते है।